# मेजा ऊर्जा निगम में बड़े धूमधाम से मनाया गया 75वाँ गणतंत्र दिवस

अखंड भारत संदेश

## कर्मचारी निगम के लिए भविष्य में करें और अच्छा कार्य : सरित महेश्वरी



**मेजा।** शुक्रवार को मेजा ऊर्जा निगम में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति पर आधारित रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर जी एम ओ एंड एम सरित महेश्वरी द्वारा सर्व प्रथम ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात कर्मचारियों को संबोधित को संबोधित हुए अपने संबोधन में उन्होंने निगम के सभी विभागों के प्रयासों को सराहा और पिछले वर्ष की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कर्मचारियों को भविष्य में मेजा ऊर्जा निगम के लिए और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। इस शुभ अवसर पर पी एंड एस विभाग द्वारा संगठित, मेजा ऊर्जा निगम की बेस्ट प्रैक्टिसेस एवं उपलब्धियाँ 2023ह्न पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम सामाजिक दायित्व के तहत जीएम (ओ एंड एम) ने परियोजना प्रभावित गावों के दिव्यांग जनों को ट्राईसाइकिल प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने मेजा ऊर्जा निगम के मेधावी एवं सराहनीय कार्य के लिए कर्मचारियों को इस पावन अवसर पर मंच पर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बाल भवन, बाल सृजन, और लिटिल किंगडम, सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार देशभक्ति पर आधारित कलाकृतिया एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति भी की गई जो उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विभागों के अध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज के सभी सदस्यगण, सीआईएसएफ कर्मचारीगण एवं सृजन विहार टाउनशिप के सभी निवासी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## झंडा रोहण कर वीर सपूतों को किया नमन, मनाया गणतंत्र दिवस




**सहसों।** बड़े ही धूमधाम से 75वां गणतंत्र दिवस मनाते हुए देश के वीर सपूतों बलिदानियों एवं स्वतंत्रता के संग्राम में शहीद सिपाहियों को श्रद्धा के साथ नमन किया गया। क्षेत्र के गुलालपुर स्थित श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल के संयुक्त रूप में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराकर सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक शिव प्रकाश तिवारी ने झंडारोहण कर इस मातृभूमि के प्रति शहीद हुए क्रांतिकारियों, वीर सपूतों एवं वीरांगनाओं को नमन करते हुए विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं तथा आमंत्रित अभिभावकों को संबोधित किया। इस मौके पर कमलाकांत शुक्ला, राजेश मिश्रा, एचडी मिश्रा, पीएन मिश्रा, जबर सिंह , अशोक शर्मा, शशांक तिवारी, बलवंत सिंह, कृष्णा तिवारी , मूलचंद, अभिनव शुक्ला, दीपिका सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी ने किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति किया गया तथा विद्यालय की ओर से बच्चों में मिष्ठान का वितरण कराया गया। इसी प्रकार छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम किया , प्रयाग महाविद्यालय हेतापट्टी में प्रबंधक रामदत्त तिवारी ने भी झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम किया तथा सघन विकास क्षेत्र खादी ग्रामोद्योग सहसों में मंत्री धरनी धर द्विवेदी ने भी झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम किया। इसी क्रम में हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट में अध्यक्ष डॉ अमित यादव एवं युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी सहसों कार्यालय पर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने झंडा रोहण कर तिरंगे को श्रद्धा एवं भावपूर्ण सलामी दी।

# न्यूज झरोखा

## वि.खं. सहसों के मुख्यालय पर झंडारोहण के पश्चात हुआ पौधारोपण



**सहसों।** 75वें गणतंत्र दिवस पर विकास खण्ड मुख्यालय सहसों में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने झंडा रोहण करते तिरंगे को प्रणाम कर देश के महान सपूतों एवं वीर बलिदानियों तथा वीरांगनाओं को नमन कर लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह व शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा बाबूगंज धीरेंद्र सिंह के द्वारा ब्लॉक प्रांगण में 121 पौधा रोपण किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , प्रभारी बीडीओ संजय सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह, सच्चिदानंद, देवनारायण पाल, पन्नीलाल, डीपी शुक्ला, विजय बहादुर, अजय राणा, ललिता यादव, आसमा सिंह, शशि यादव, अविनाश सिंह, राम बहादुर, मयंक मौली मौर्य, अंजनी, कामरान एवं उदयभान सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज के कार्यालय पर मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक शारदा प्रसाद शुक्ला व कृष्ण देव द्विवेदी एवं संचालक राजमणि शुक्ला के द्वारा झंडा फहराकर तिरंगे को प्रणाम किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में प्रथम शहीद मंगल पांडे सहित आदि शहीदों को नमन करते हुए संगठन के सदस्यों, पदाधिकारी एवं उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में चयनित क्षेत्र के खेवराजपुर निवासी पंडित नारायण दत्त मिश्रा को समाज का नाम रोशन करने पर अंग वस्त्रम एवं ब्राह्मण शिरोमणि भगवान परशुराम की स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, संजय पांडे, सूर्यमणि पांडे, डॉ एस के पांडे, डॉ ए एन मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, अनुराग मिश्रा, शाश्वत अशोक तिवारी, विजय तिवारी, रमाशंकर शुक्ल, पंकज शुक्ला, प्रवेश कुमार शुक्ला, विजय मिश्रा, प्रवीण कुमार तिवारी एवं अमन मिश्रा भीम सहित आदि ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मतदान सिंह इं.कालेज में गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्र में स्थित मातादान सिंह इंटर कॉलेज तरवाई और स्वामी विवेकानंद जूनियर हाईस्कूल तारवाई में मंगलवार को गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने झंडा रोहन और दिप्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किये। और छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सभी महुारुषों को याद किये और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मुख्य रूप से सुधाकर शुक्ला, अमलेश बाबा, दिनेश तिवारी ,इंजीनियर इंतियाज अली,सुधाकर शुकला ,विजयश्याम तिवारी ,संदीप सिंह,इंद्रजीत कुमार,अनीसा सिंह,कुलदीप यादव ,मिथिलेश कुमार,संजय सोनकर,रिया तिवारी ,ज्योति दुबे,अंजली सिंह,समस्त अध्यापक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नौनिहाल बच्चों संग प्रधान राजकुमार ने गणतंत्र निकली तिरंगा यात्रा



**करछना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा में प्रधान राजकुमार पटेल ने प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल बच्चों के संग तिरंगा यात्रा निकालकर विद्यालय परिसर में झंडा रोहण किया उसके उपरांत अमृत सरोवर व पंचायत भवन पर ध्वजा रोहण कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोग वह स्कूल के छात्रों के अलावा शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया 75 वा गणतंत्र दिवस



**नैनी।** नैनी 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नैनी क्षेत्र के तमाम सरकारी गैर सरकारी संस्थानो मे ध्वजारोहण एवं प्रभात फेरिया निकाल कर हर्षोल्लास के साथ सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में शीतला माई पार्क मे नैनी कोतवाली निरीक्षक साजिद खांन ने ध्वजारोहण करते हुए कहाकि आज का दिन देश तथा समाज के हित में कार्य करने के लिए संकल्प लेने का दिवस है। गणतंत्र दिवस समारोह मे बच्चों महिलाओ द्वारा खेल कूद की कई प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। उक्त अवसर पर कोतवाली स्टाफ के साथ एडीए चौकी इंचार्ज जन्मेजय सिंह सहित महिला स्टाफ की भी उपस्थिती रही। आयोजन मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, शिव शंकर पांडेय, विनोद शंकर तिवारी, गंगा ठाकुर, डी के सिंह, एन पी मिश्र, अशोक जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, सुनील साहनी, आशुतोष मिश्र, वीडी सिंह, बिन्दू राठौड़, अनीता केशरवानी, आरती पांडेय, आशा सिंह आदि की सक्रिय सहभागिता रही वही अनिल द्विवेदी, विजय राठौड़, विनीत तिवारी, राज कुमारी सिंह, नीलम द्विवेदी, प्रीती पुष्या, गुंजा, सुधा, पूनम, अर्चना, रेखा, सुधा, पूनम व शिव कुमार गुप्ता आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा मीना जायसवाल ने किया।

# गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया

**सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं में ध्वजा रोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

**यह देश सभी जाति धर्म मजहब के लोगों का है - शहजादे**



**कोरांव।** शुक्रवार को गण तंत्र दिवस का त्योहार धूमधाम से हर जगह मनाया गया। किंतु 22 जनवरी के हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आगे यह उत्सव फीका नजर आया। प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य तिथि अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान लीडर ने कहा कि यह देश सभी जाति धर्म और मजहब के लोगों का है। सभी वर्ग ने देश की आजादी में और गणतंत्र दिवस स्थापित करने में राष्ट्र हित में अपनी सह भागिता और जाने गंवाई है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों बच्चों की तथा उपस्थित नागरिकों की सहभागिता के लिए आभार जताया। प्रधान ने कहा कि ग्राम्य जनों ने जिस उद्देश्य से हमें जिम्मेदारी ग्राम पंचायत बागडोर की सौंपी है हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि वह जिम्मेदारी निभा सकूं। क्यों की जब से में चार्ज लिया हूं तभी से निरंतर गांव के विकास में निरंतर परियोजनाओं को ला कर निर्मित करा रहा हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी के बदौलत इस ग्राम पंचायत को एक मॉडल ग्राम पंचायत का दर्जा मिला है। ग्राम के सभी श्रमिकों को हर तरह के कार्य करा कर रोजगार मुहैया करा रहा हूं। और गांव की सड़कों आदि का काया कल्प करा रह हूं। उन्होंने अपने अधीनस्थ लोगों को कर्मचरियों को ग्राम्य विकास तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में निष्पक्षता पूर्वक योगदान देने का आह्वान किया। प्रधान ने कहा कि हम गरीबों भूमिहीनों को भूमि के पट्टे भी देंगे जिससे सभी समाज और विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने ग्राम सभा में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ न किए जाने की नसीहत भी दी। और छात्रों को पुरुसकृत किया। और कई विकास कार्यों की घोषणा भी की। इसी तरह खीरी ग्राम पंचायत में प्रधान लवकुश कुशवाहा ने भी ध्वजा रोहड़ किया और सभी का आभार जताया। तहसील,थाना,ब्लॉक मुख्यालय,नगर पंचायत कोरांव आदि सरकारी तथा विद्यालयों में ध्वजा रोहन के कार्यक्रम आयोजित हुए। फिर भी 22 जनवरी जैसे कार्यक्रम उक्त राष्ट्रीय पर्व पर उत्साह नहीं दिखा।

# 75वें गणतंत्र दिवस पर फहराया गया तिरंगा झंडा




**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी व गैर सरकारी संस्था एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ 75 वें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा फहराया गया । लेकिन बाजारों में 22 जनवरी के सापेक्ष 26 जनवरी को उत्साह की जगह बाजारों में सन्नाटा के साथ लोगों के चेहरे पर झुर्रिया छाया रहा। वहीं बाजारों में तिरंगा झंडा दुकानों पर दुकानदार सजा कर ग्राहकों का इंतजार करते रहे। तब तक 26 जनवरी का दिन रात्रि के भांति बीत गया। शुक्रवार को शासनादेशानुसार सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो पर तिरंगा झंडा फहराया गया। तथा जगह- जगह अंग्रेजों के गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले महान पुरुषों को बताया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए हर देश की कानून व्यवस्था व संविधान पर भी चर्चा की गई। वहीं गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा को सलाम करते हुए भारत देश के नागरिकों को समानता , एकता एवं राष्ट्रीयता अखंडता का अधिकार के भारतीय संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर को मानव शिल्पकार बताया। भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक मांडा , अभिराजी विहार इंटर कॉलेज मांडा, मालती देवी बालिका इण्टर कालेज राजापुर, बाबू जंग बहादुर माध्यमिक विद्यालय हाटा मांडा, रमन पब्लिक स्कूल राजापुर, मोहम्मद यासीन इण्टर कालेज राजापुर, लार्ड बुद्धा इण्टर कालेज मांडा के छात्रों ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर महान पुरुषों को याद किया। वही एस जे डी इंस्टिट्यूट एण्ड कम्प्यूटर सेन्टर संस्थापक राम सागर गुप्ता ने झण्डा फहराया तथा उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। और बताया कि वर्तमान युग में यदि किसी को कंप्यूटर का ज्ञान नहीं है तो दिन प्रतिदिन उसे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कंप्यूटर शिक्षा का हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है। यह बातें खवास तारा स्थित आर के कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के सभागार में बतौर मुख्य अतिथि शिवरक्षा यादव ने छात्र-छात्राओ को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के संचालक अरविंद कुमार यादव ने सभी छात्र व छात्राओ के प्रति आभार जताते हुए बताया कि क्षेत्र में अभिवावको के पास पैसे व आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण अपने बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा नही दे पाते। जिसके चलते बड़े- बड़े प्रतियोगिता में शामिल नही हो पाते। और छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि निः शुल्क कंप्यूटर की शिक्षा देने के साथ साथ- छात्रों को बेहतर सुविधा सेंटर पर दे रखी है। इसी तरह ग्राम प्रधानों ने भी पंचायत भवनों पर झण्डा फहराया और मिठाइयां बांटी।भारत गंज नगर पंचायत कार्यालय पर भी तिरंगा झंडा फहराया।और उपरोक्त संस्थाओ द्वारा मिष्ठान का वितरण किया गया।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज के सभी शाखाओं में 26 जनवरी 2024 को 75 वॉ गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख श्री अशोक कुमार सिंह रहे । कार्यक्रम की शुरूवात ध्वजा रोहण एवं मार्च पास्ट के साथ किया गया । इसके उपरांत दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने रंगा-रंग कार्यक्रम, जिसमें पहाडी नृत्य, छात्र एवं छात्राओं के द्वारा पिरामिड को प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षकाओं के द्वारा नगरी हो आयोध्या सी गीत प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ही मुख्य प्रस्तुतती के रूप में भव्य रामालीला का मंचन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुशील कुमार मिश्रा ने बच्चों को सम्पूर्ण एवं बेहतर शिक्षा के नवीनतम शैली एवं शिक्षण सम्बधी आधुनिक सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया । माननीया प्रबंधक महोदया श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने भी बच्चे को गणतंत्र दिवस की महत्ता को बताते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। हमारे मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिंह ने भी गणतंत्र दिवस एवं संविधान के बारे में एवं विद्यालय की प्रगति एवं अनुशासन को देखते हुए कहा की यह विद्यालय नवीनतम होते हुए भी 15 साल पुराना विद्यालय प्रतीत होता है। मेजा ब्लाक में विद्यालय को सर्वोत्तम एवं अग्रणी बताते हुए उन्होंने विद्यालय के बच्चों के उज्जवल भविश्य की कामना की । विद्यालय के कार्यक्रम के संचालन को सफल बनने में मुख्य रूप से विशाखा, पवन एव जुवेरिया इबकार का योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षक श्रृजन मिश्रा, सत्यम सिंह राजपूत, अंकुर सिंह, पवन सर जुवेरिया इबकार एवं समस्त शिक्षक गण का विशेस योगदान रहा।

# सेन्ट पीटर्स स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल छतवा सिरसा प्रयागराज में गणतंत्र दिवस पूरी देशभक्ति के साथ मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न देशभक्ति गीतों में भाग लिया और गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। मिस निशि ने छात्रों को परेड प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षित किया और मिस सृष्टि सिंह के मार्गदर्शन में नृत्य प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री प्रवीण उपाध्याय द्वारा भाषण दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को 26 जनवरी की महत्ता के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं और विद्यार्थियों को यह जानकारी दी कि हम गणतंत्र दिवस क्यों मनाते हैं। प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने कहा कि आज का गणतंत्र दिवस के पीछे वीर जवानों का बलिदान का योगदान हैं। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 ई0 को हमारे देश मे संबिधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम पर छात्रों और शिक्षकों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# 75 वें गणतंत्र दिवस पर कमांडो सेना का हुआ अदभुत स्वांग प्रदर्शन



**शंकरगढ़।** विकासखंड शंकरगढ़ के नारीबारी के समीप स्थित मां चंद्रवती इंटर कॉलेज एवं एस०जे०एस0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल हिनौती चंदेल नारीबारी में 75 वें गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां सर्वप्रथम ध्वजारोहण का कार्यक्रम विद्यालय संस्थापक जे0पी0 सिंह ने किया साथ में विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह,प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापिका कुमारी नेहा कुशवाहा उपस्थित रहीं। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बच्चों ने कमांडो सेना का स्वांग व पिरामिड का प्रदर्शन करके लोगों के मन को जीत लिया। इसके बाद वहीं दूसरी ओर विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें नृत्य गीत, नृत्य नाटिका, लोकगीत, कव्वाली, नाटक इतना ही नहीं मद्यपान, सामाजिक कुप्रथाएं तथा शिक्षा पर प्रस्तुत किए ग?ए नाटक के प्रहसन ने दर्शकों को जबरन ही अपनी ओर आकर्षित कर लिया कार्यक्रमों के समापन के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर सिंह ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उसको अच्छा बनाने के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने आए हुए अतिथियों व शुभचिंतकों अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विद्यालय के संस्थापक जे0पी0सिंह ने विद्यालय के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा अपनी भावनाओं को साझा करते हुए उन्होंने लोगों के बीच कहा कि यह संस्थान एवं एस०जे०एस०ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन्स क्षेत्र के शैक्षिक, सामाजिक, संस्कार व अनुशासन के विकास के लिए समर्पित है जिस पर संस्थान निरंतर कार्य कर रहा है तथा इसके बाद उनके द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। भव्य प्रभात फेरी के कार्यक्रम में संदीप गुप्ता की भूमिका अग्रणी और सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता राजेश केशरवानी ने किया,तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम के संचालन में सांस्कृतिक विभाग के अध्यक्ष कृष्ण बहादुर सिंह एवं जय सिंह की भूमिका को लोगों ने काफी सराहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, राजकरन सिंह, राजेश पाल, अंजनी कुमार, अमरजीत मौर्या, इन्द्रकांत कुशवाहा, धनीराज पटेल, रेवती रमण तिवारी , रवि पाण्डेय, मनीष मिश्रा,संजीव सिंह, नारेंद्र कुमार,रोहित सिंह, विकास सिंह,रघुराज सिंह, बालेन्द्र सिंह,दिनेश कुमार रत्नाकर,इन्द्रकांत कुशवाहा,दिलराज सिंह,अनिकेत चौधरी,अंशू मिश्रा, तनु सिंह, प्रसंशा चौधरी,शिवानी त्रिपाठी, रीता वर्मा, मिथिलेश सिंह, नीलम सिंह,रेनू देवी ,सीमा श्रीवास्तव,आकांक्षा श्रीवास्तव, सुहानी सिंह तनु द्विवेदी,मांशी केसरवानी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। जे0पी0मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक तथा नर्सिंग कॉलेज में भी 75 गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ध्वजारोहण कायर्क्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पी0पी0 त्रिपाठी के द्वारा किया गया साथ में हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर ओ0पी0 सिंह भी उपस्थित रहे। जे0पी0मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसको देखकर आए हुए लोगों ने खूब प्रशंशा किया।हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर ओ0पी0 सिंह ने कहा कि आज हम सब लोग 75 वाँ गणतंत्र दिवस मनाने के लिए यहां पर एकत्रित हुए हैं इस अवसर पर हम सभी लोगों को वीर सपूतों को याद करना चाहिए।उक्त अवसर पर डॉक्टर मनोज जनौजिया,डॉक्टर नईम, नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या नेहा प्रजापति,बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ व नर्सिंग कॉलेज के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। चंद्रोल ऑटोमोबाइल सुरबल चंदेल,नारीबारी में भी 75 वाँ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,चंद्रोल आटोमोबाइल के संचालक एडवोकेट पुष्पराज सिंह ने ध्वजारोहण किया साथ में गोकुल सिंह प्रदेश सचिव सहकारिता मंच अपना दल एस भी उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में एडवोकेट अरुण सिंह,,सुजान सिंह, संजय सिंह सर्विस मैकेनिक,विपिन कुमार मिश्रा सेल्स मैनेजर सहित समस्त स्टाफ व अनेक क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। साधन सहकारी समिति सुरवल में समिति के अध्यक्ष गोकुल सिंह ने ध्वजारोहण किया । उक्त अवसर पर शिवमोहन सिंह, राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# भू माफियाओं पर कार्रवाई,कोटेदार सहित तीन पर एफआईआर दर्ज

**ग्राम समाज चकमार्ग की जमीनों पर पैमाइस के बावजूद कर लिया था कब्जा**

**कोराव।** सरकार की मंशानुसार चलाए जा रहे भू माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे कार्यवाही अभियान के तहत तहसील कोराव के एसडीएम और तहसीलदार द्वारा मंडलायुक्त एवम डीएम तथा एडीएम वित्त राजस्व प्रयाग राज के निर्देश पर भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा चेयरमैन के अनुरोध पर शनिवार की थाना दिवस में राजस्व अफसरों के आदेश पर राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा थानाध्यक्ष कोरांव को दी गई तहरीर पर कोटेदार अल्हवा सहित तीन लोगों के विरुद्ध लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ।

बता दें कि ग्राम प्रधान अल्हवा जी भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा के अध्यक्ष हैं ने प्रधान पद पर आसीन होने के बाद से ही भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का अभियान शुरू कर रखा था। जिसमे कुछ लोगों ने तो ग्राम समाज की जमीनें तो खाली कर दी थी जिसमे विकास कार्य हुआ शेष जमीनों की राजस्व पुलिस बल की टीमों की पैमाइज के साथ बावजूद चेतावनी के बावजूद कब्जा कर जोत बो लिए थे। जिसकी शिकायत प्रधान आदि ने मंडलायुक्त और जिलाधिकारी तथा एडीएम वित्त राजस्व से की थी। जिस पर एसडीएम ने आयुक्त के आदेशानुसार तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी के नेतृत्व में एक टीम गठित की जिस क्रम में कोटेदार अल्हवा लालबहादुर पाल तथा पवन कुमार पाल तथा अवध नारायण पटेल के विरुद्ध थाना कोराव में मुकद्दमा दर्ज हो गया। इस बाबत तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी ने बताया की यदि ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे जो नहीं छोड़ेंगे तो उन्हे जेल निश्चित जाना होगा और अतिक्रमण भी हटाना होगा। उधर ग्राम प्रधान ने चेतावनियां दी हैं कि ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे जो नहीं छोड़ेंगे उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही इसी तरह होगी।

# मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारम्भ

## तुलसी कथा रघुनाथ की एवं स्थानीय ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विषयक प्रदर्शनी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी : मण्डलायुक्त

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने शुक्रवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउण्ड में त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने ह्यह्यतुलसी कथा रघुनाथ कीह्लह्ल एवं स्थानीय ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विषयक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की।इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में संगम की रेती पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से ह्यह्यतुलसी कथा रघुनाथ की और ह्यह्यऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयक प्रदर्शनी में संगम नगरी प्रयागराज के धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों, प्राचीन व पौराणिक मंदिरों को एक स्थान पर संकलित किया गया है, जिससे मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुगणों एवं शहर के लोग प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इसी पण्डाल में ह्यह्यतुलसी कथा रघुनाथ कीह्लह्ल प्रदर्शनी लगायी गयी है, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को क्रमबद्ध ढंग से चित्रित किया गया है। भगवान राम के जन्म, वन गमन से लेकर उनके अयोध्या लौटने तक की सभी महत्वपूर्ण घटनाओं को बहुत ही सुंदर चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। प्रदर्शनी में आने पर श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा का भाव जागृत होगा। यह प्रदर्शनी प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व से सम्बंधित स्थलों तथा गोस्वामी तुलसी दास जी के द्वारा रचित रामकथा से सम्बंधित प्रसंगों के बारे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए उपयोगी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का एक स्थान पर संकलन होना प्रदर्शनी के महत्व को और अधिक बढ़ाता है। इसका सफल आयोजन हर वर्ष होता रहा है। प्रदर्शनी में बडे.हनुमान जी, अक्षयवट, संगम, उल्टा किला, खुशरोबाग, श्रृंगवेरपुर धाम, मनकामेश्वर मंदिर, नौलखा मंदिर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आनंद भवन, जैन मंदिर, तारामण्डल, भारद्वाज मुनि, ललिता देवी, नागवासुकी मंदिर सहित अन्य धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से सम्बंधित जानकारी दिये जाने हेतु चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह से आगे भी कार्य करते रहे।

# मण्डलायुक्त ने 75वें गणतंत्र दिवस पर आयुक्त कार्यालय में ध्वज फहराया



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में ध्वज फहराया तथा राष्ट्रगान के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलायी। हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार- अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ध्वजारोहण के बाद मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ा दिवस है। आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार प्रदत्त किये गये है। उन्होंने कहा कि विकास की मुख्यधारा में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो, प्रत्येक नागरिक धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद एवं भाषावाद से ऊपर उठकर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर अपर आयुक्तगणों के अलावा आयुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने 75 वें गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट में झण्डा फहराया



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डा फहराया। इस अवसर पर सभी लोगो को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने संगम सभागार में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पुष्प एवं शाल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। आजादी प्राप्त होने के बाद हमारे लिए गणतंत्र बनाने के लिए संविधान की रचना सबसे बड़ी चुनौती थी। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिससे आज विश्व के कई देश प्रेरणा लेते है। हमारी संविधान सभा ने इतने मजबूत संविधान की रचना की है कि हमारे देश में जाति, धर्म, भाषा की विविधताओं के साथ इतनी बड़ी जनसंख्या व क्षेत्रफल होने के बावजूद दशको बाद भी हम सभी भाई-चारे व विविधता में एकता की मिसाल पूरे विश्व को देते है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह आज इतनी मजबूती से इस कारण चलता चला आ रहा है क्योंकि हमारे संविधान के जो रचयिता है, उन्होंने बहुत ही सोच समझकर इस संविधान की रचना की है। आजादी के समय हमारे देश में जहां निरक्षरता और गरीबी थी, आज हम विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल है। यह लगातार जो प्रगति हमारे देश ने की है और हम विश्व गुरू बनाने की ओर अग्रसर हो रहे है, इसके पीछे जो मुख्य रूप से मजबूत नीव का कार्य कर रहा है, वह हमारा संविधान है। आज के दिन हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ ही उन महापुरूषों को भी नमन करते है, जिन्होंने हमारे संविधान की रचना की है। उन्होंने कहा कि आज हम यह प्रण लें कि उन्होंने जिस प्रकार का भारत बनाने का विजन रखा था, उसके अनुरूप हम अपने देश का निर्माण करें। आज हमारे देश की प्रगति में बाधक हिंसा, अपराध, भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक कुरूतिया व बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्या अभी भी हमारे देश में है, इन सभी को हटाने के लिए हमें अथक प्रयास करने की आवश्यकता है और देश को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए हम अपने स्तर से जो मेहनत कर सकते है, उसे पूरी लगन व ईमानदारी के साथ करें और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को व्यर्थ नही जाने दें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम नजूल प्रदीप यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा प्रसाद, एडीएम सिटी श्री मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्याम कली इं का में नव मतदाता युवा सम्मेलन हुआ आयोजित

**आगामी चुनाव में युवा बढ़ चढ़ कर डालें वोट : राहुल मिश्रा**



**मेजा।** गुरुवार को श्याम कली इंटर कालेज मेजारोड में मतदाता दिवस पर नमो नव मतदाता युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री राहुल मिश्र रहे ।सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सभी विद्यार्थियों ने एकाग्रता पूर्वक सुना और उनके द्वारा बताये गये लोकतंत्र के पावन पर्व चुनाव में अपने वोट रूपी समीक्षा का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने को समझा। सभी नव मतदाताओं से युवा मोर्चा जिला मंत्री राहुल मिश्र ने भी अपने मतो के प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्र मतदान के लिये जागरूक किया। नमामि गंगे जिला संयोजक डॉ अमरेश तिवारी ने भी युवाओं को मतदान करने को लेकर जागरूक करते हुए विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में गणमान्यों ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर विवेकानंद सिंह भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्कर तिवारी मंडल महामंत्री राजीव तिवारी मंडल मंत्री मेजा धीरज दुबे,युवा समाजसेवी सबल तिवारी ,युवा मोर्चा के सूरज शुक्ला ,रोहित पांडेय ,संजय केशरी अध्यक्ष उरुवा मंडल, कामेश्वर पटेल मेजा मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं भाजपाई मौजूद रहे।

### रिंग रोड : जमीन अधिग्रहण में मनमानी का आरोप, पहुचे विधायक



**झूंसी।** विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल शुक्रवार को किसानों की समस्या जानने बजहा गांव पहुंचे वहा मौजूद राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि गांव में ही कैंप लगाकर किसानों की समस्या का समाधान किया जाए। रिंग रोड के लिए की गई जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों में असंतोष है नाराज किसानों ने रिंग रोड के काम को रुकवा दिया था। रिंग रोड के लिए की गई जमीन अधिग्रहण में मनमानी का आरोप लगाते हुए झूंसी के नीबी, बजहा, राजूपुर गांव के किसानों ने रिंग रोड का काम हसे भर पहले रुकवा दिया था। हफ्ते भर से राजस्व कर्मी गांव में आते हैं और जमीन की नाप करते हैं लेकिन किसानो की समस्या का समाधान नहीं निकल रहा है। शुक्रवार को फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल किसानों से बातचीत करने पहुंचे वहां मौजूद राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि गांव में ही कैंप लगाकर किसानों की समस्या का समाधान किया जाए। ताकि किसानों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला है उनकी जमीन पर काम ना किया जाए। इस दौरान पूर्व प्रधान राजेश सिंह के साथ भारी संख्या में किसान व रिंग रोड का काम कर रहे कर्मचारी मौजूद रहे।


### नैनी सेंट्रल जेल में संविधान की शपथ ली गई



**नैनी।** नैनी गणतंत्र दिवस पर केन्द्रीय कारागार नैनी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के उपरांत संविधान की शपथ ली गई। तदुपरांत शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पान्जलि के बाद आयोजित कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिये तथा बेहतर कार्यनिष्ठा के लिए बन्दियों के साथ-साथ कारागार कर्मियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। कारागार मुख्यालय की ओर से रंग बहादुर, वरिष्ठ अधीक्षक को प्रशंसा पत्र, चीफ हेड वार्डर कालिका प्रसाद पांडेय को हीरक चिह्न, खलील अहमद व उमा यादव को स्वर्ण चिह्न और वार्डर गणेश कुमार वर्मा व सुमित कुमार को रजत चिह्न प्रदान किया गया।

# 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला में फहराया गया तिरंगा

## पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र ने गणतंत्र दिवस पर दी शुभकामनाएं





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर शुक्रवार को को 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ह्यरिजर्व पुलिस लाइन्सह्ल माघ मेला में पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा गरिमामय ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात गरिमापूर्ण व भव्य राष्ट्रगान के बाद सलामी ली गई। इसके बाद समस्त अधिकारी/कर्मचारी के साथ पुलिस उप महानिरीक्षक माघ मेला ने अखण्ड भारत के संविधान की शपथ ली। ह्यरिजर्व पुलिस लाइन्सह्ल माघ मेला में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को सम्बोधित करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला द्वारा बताया गया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी गण राष्ट्र और पुलिस विभाग के प्रति अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें। डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के द्वारा समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण को धन्यवाद कहते हुये 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी गई। इस राष्ट्रीय पर्व पर माघ मेला के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/ समस्त इकाई प्रभारी / एटीएस / बीडीडीएस के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### 14 फरवरी को होगा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**मांडा।** सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा विगत वर्षों की तरह इस साल भी 14 फरवरी को निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसड़ा कला के पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमे आपरेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में वोटर आईडी , आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड की छायाप्रति व मरीजों के पास घर के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर आदि होना जरूरी। उक्त जानकारी कोसड़ा कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल ने बताया कि सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा यह निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर में मांडा क्षेत्र के अलावा अन्य विकास खण्ड के मरीज भी उक्त सेवा का लाभ ले सकते हैं। निः शुल्क आपरेशन की सुविधा नेत्र शिविर में चश्मा रियायती दर में मिलेगा और मधुमेह (सुगर) जांच की निः शुल्क सुविधा उपलब्ध है। जिसमे उक्त 14 फरवरी को पंचायत भवन पर पहुंचकर अधिक से अधिक नेत्र मरीजो से लाभ लेने के लिए अपील की है।

# महापौर ने नगर निगम परिसर में फहराया तिरंगा झंडा, छात्रों को वितरित किया उपहार



**प्रयागराज।** नगर निगम, प्रयागराज द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के पावन पर्व पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा निगम परिसर में ध्वजारोहण किया गया, गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत महिला शिल्पाभवन की छात्राओं द्वारा गीत गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा तथा पार्षदगणों द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये तदनुपरान्त महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी के अनुसार स्वच्छता की जागरूकता की मशाल सभी में पैदा होने चाहिए, हमारे भारत में जहां स्वच्छता होती है, वहां पर ईश्वर निवास करते हैं, इस प्रथा को माना जाता है, इसलिए हमें भी स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इसकी शुरूआत हमें और आपको मिलकर करनी होगी। जिससे कि हमारा पूरा देश साफ सुथरा हो जाए। स्वच्छ भारत अभियान, भारत को स्वच्छ करने के लिए एक कड़ी में नगर निगम प्रयागराज काम कर रहा है। लोग इसके उद्देश्य से उत्साहित होकर स्वच्छता के प्रति सचेत हो रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान में आप भी भागीदार बनें। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक बनाएँ। हमारा आने वाला कल तथा आगामी महाकुम्भ बहुत ही सुंदर एवं अकल्पनीय होगा। अगर आप और हम मिलकर स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में लग जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा पूरा देश, विदेशों की तरह पूरी तरह से साफ सुथरा दिखाई देगा। और हम स्वच्छता के पायदान पर देश एवं प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकेंगें, और इस नेक काम के लिए हम सब को मिल कर आगे आना होगा और साथ-साथ काम कर के इस मिशन को पूरा करना होगा। अन्त में महापौर द्वारा गणतंत्र दिवस पर उपस्थित सभी पार्षदगण, नगर निगम के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद दिया गया।इसके उपरान्त छात्राओं को गिफ्ट वितरित एवं मिस्ठान का वितरण किया गया। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण तथा नगर निगम की टास्क फोर्स की टीम उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मनोज श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# श्याम महाजन ने पार्टी विस्तारको के साथ बैठक कर बनाई रणनीति



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने कमर कस ली है। प्रयागराज स्थित भाजपा कार्यालय में कौशांबी फूलपुर तथा प्रयागराज तीनों संसदीय क्षेत्र को लेकर चुनावी मंथन हुआ तथा रणनीति तैयार हुई। इस रणनीति में मुख्य अतिथि श्याम महाजन भाजपा मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय विस्तारक यूनिट के सदस्य काशी क्षेत्र पालक के रूप में उपस्थित रहे। काशी क्षेत्र के विस्तारको का नेतृत्व अमित पांडेय ने की। विस्तारको के साथ बैठक के दौरान चुनाव किस तरह से लड़ा जाए किस प्रकार से भाजपा के नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाए विकास कार्यों की चचाओं सहित कई बिंदुओं पर विस्तार से चचाएं हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश की अर्थव्यवस्था में सहकारिता क्षेत्र का विशेष योगदान : डा० उदय शंकर अवस्थी

अखंड भारत संदेश



गणतंत्र दिवस के मौके पर इफको में तिरंगे को सलामी देते प्रबंध निदेशक

**फूलपुर।** इफको घियानगर में शुक्रवार को 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि इफको प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने ध्वारोहण करने के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है तथा हमारी भावना वसुधैव कुटुंबकम की है। इफको की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा की भारतीय अर्थव्यवस्था में सहकारिता क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है तथा देश का निर्माण व्यक्तियों के सामूहिक प्रयास से ही होता है। उन्होंने कहा की इफको 36000 सहकारी समितियों के माध्यम से चार करोड़ किसानों से सीधा जुड़ा हुआ है।

विश्व सहकारी मॉनिटर रिपोर्ट के अनुसार इफको को सहकारी क्षेत्र में विश्व में प्रथम स्थान मिलने पर उन्होंने सबको बधाई दी। इस दौरान इफको सुरक्षा गार्ड,पी.ए.सी बैण्ड के जवानों ने मार्च पास्ट किया। पी.ए.सी. बैण्ड द्वारा देशभक्ति की धुनों पर शानदार प्रस्तुति दी जिसका नेतृत्व हवलदार केसर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा मिश्रा ने किया। महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया व अन्य महिला सदस्यों द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया जिसमें विभिन्न व्यंजन-पकवान आदि की व्यवस्था की गई थी जिसका प्रबंध निदेशक डॉ यू.एस.अवस्थी सपत्नीक रेखा अवस्थी व अन्य गणमान्य जन एवं घियानगर परिवार के सदस्यों ने आनंद लिया। इसके उपरांत प्रबंध निदेशक ने नई तकनीकी बिल्डिंग का भूमि पूजन किया। अंत में इफको फूलपुर से प्रस्थान के दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनिता मिश्रा, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के पटेल, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार एवं एस.के.सिंह,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### चलों अब लौट चलें रघुराई काब्य पाठ सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास की पंक्तियों ने श्रोताओं का मन मोहा**



**फूलपुर।** इफको के मुक्तांगन में गुरूवार को कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इफको प्रबंध निदेशक डॉ.उदय शंकर अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि रेखा अवस्थी एवं अन्य विशिष्ट जनों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कवि सम्मेलन में हिन्दी कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं उनकी टीम ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। डॉ. कुमार विश्वास ने अपने शानदार रचना चलो अब लौट चलें रघुराई के साथ ही अन्य काव्यपाठ कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उनकी सुप्रसिद्ध रचना कोई दिवाना कहता है कोई पागल समझता है ने उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जबलपुर के प्रसिद्ध कवि सुदीप भोला ने अपने कविता से राजनैतिक व्यंग बांण छोड़ा जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया। कवि रमेश मुस्कान एवं सोनभद्र की कृति चौबे ने भी अपनी प्रस्तुति दी। हास्य कवि दिनेश बावरा ने जब कहा कि इस दुनिया को ना खतरा चीन से है ना इजराइल से है, इस दुनिया को खतरा सिर्फ मोबाइल से है तो श्रोताओं ने तालियां बजाकर उनका समर्थन किया। मंच का कुशल संचालन कवि दिनेश बावरा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया व विनीता कुदेशिया, महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनिता मिश्रा, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार एवं एस.के.सिंह,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी तथा बड़ी संख्या में इफको परिवार के लोग कवि सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# विकसित राष्ट्र के लिये हमें अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करना होगाः डीएम

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में डीएम ने किया ध्वजारोहण, उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित

### डीएम व एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के त्रिभुवन विश्वकर्मा के साथ पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### डीएम व एसपी ने कई चौराहों व मुसहर बस्ती का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से शहर के चिलबिला चैराहा, चैक घंटाघर चैराहा व भुपियामऊ चैराहो का निरीक्षण कर सड़कों पर अतिक्रमण हटाने का जायजा लिया। उसके उपरान्त अधिकारियों द्वारा नगर पचांयत सुवंशा के वार्ड नं0-रोहखुर्दकला के मुसहर बस्ती में पहुॅचकर लोगों से सरकारी की योजनाओं एवं मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली तो लोगों द्वारा बताया गया कि यहा पर बिजली और पानी की समस्या रहती है, कुछ लोगों के राशन कार्ड नही बने है और कुछ लोगों को आवास का लाभ भी नही मिला है जिस पर जिलाधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि बिजली, पानी, राशन कार्ड, आवास आदि की सुविधायें मुहैया करायी जायेंगी, सभी लोग अपने बच्चों को विद्यालय में समय से भेजें जिससे वह अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें और अपने परिवार को तरक्की की ओर अग्रसर करें। उन्होने मुसहर बस्ती में कमेटी एवं कार्ययोजना बनाकर लोगों को सुविधायें उपलब्ध कराने की बात कही।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया ध्वजारोहण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण करने के उपरान्त राष्ट्रीय गान का सामूहिक गान करते हुये वहां पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी एवं जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वीर सपूतों एवं बलिदानियों को नमन किया जिन्होने अपने प्राणों की आहूति देकर आजादी दिलायी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पहुॅचकर वीरगति प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा वहां पर उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रित को अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान अपने विचार भी व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र भी उपस्थित रहे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन के प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाया गया जिसमें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया एवं आयोजित भव्य पुलिस परेड की सलीम ली। उन्होने इस अवसर सभी शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों, आन्तरिक सुरक्षा में लगे हुये सभी पुलिस जवानों, अधिकारियों/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आरक्षियों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प की शपथ दिलायी। इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे को उड़ाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने टोली कमाण्डर से परिचय भी प्राप्त किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अथक परिश्रम एवं संघर्ष के पश्चात 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली और आजादी के बाद सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि इस देश को किस तरह से चलाया जाये। हमारे देश के पास शासन चलाने का बहुत छोटा अनुभव था क्योंकि जो देश लगभग 200 साल तक गुलाम हो जाये उसके पास स्वतंत्र ढंग से व्यवस्था चलाने का अभाव हो जाता है तो ऐसी परिस्थिति में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सोचा कि एक संविधान तैयार किया जाये इस देश के लिये जो कि अपने देश पर लागू हो और यह देश उसी संविधान के अनुसार भविष्य में चलें, भविष्य की आने वाली चुनौतियों को भी ध्यान में रखते हुये संविधान का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिये गये उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस विनोद कुमार पाण्डेय व चन्द्रभान प्रसाद तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिये गये प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से कम्प्यूटर आपरेटर रवि कुमार सेठ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इस दौरान सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी सहित अन्य जनपप्रतिनधिगण, अधिवक्तागण, गणमान्य नागरिक व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# खराब मौसम में गणंतत्र दिवस मनाने पहुंचे छात्र-छात्राएं

### न्यू एंजिल्स स्कूल में नन्हे-मुन्नो ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस पर खराब मौसम के बावजूद शिक्षण संस्थाओं में बच्चों ने पहुंचकर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिन्हें प्राचार्य एवं अध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया। शहर के न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गणतंत्र दिवस पर अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को आत्म विभोर कर दिया।स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने कहा कि यही बच्चे कल के भविष्य हैं इनमें राष्ट्र प्रेम की भावना भरना एक शुभ संदेश है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य वीके सोनी, आरके सिंह, विवेक ओझा, अभिषेक सिंह, रवि सिंह, सचिन शुक्ला, पूनम, मंजू, सुमन, नेहा खण्डेलवाल, नेहा श्रीवास्तव, बबिता, ज्योति सोनी, ज्योति गुप्ता, बीना मिश्रा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने ध्वजारोहण पर गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रियांशी पाण्डेय, सीमा पटेल, सृष्टि, सौम्या, सुलेखा, उमेश श्रीवास्तव, राज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



गणंतत्र दिवस पर न्यू एंजिल्स स्कूल में मौजूद छात्र व शिक्षक-शिक्षिकाएं

# संविधान की बदौलत आज देश प्रगति पर हैः हरिप्रताप सिंह

### नगर पालिका परिसर में नपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका में अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संविधान की बदौलत आज देश में राम जन्मभूमि का शिलान्यास हो पाया है और देश प्रगति के रास्ते पर है।

अध्यक्ष ने इस अवसर पर सफाई की शपथ दिलाते हुए कहा कि भारतीय संविधान की आज देश व दुनिया में चर्चा होती है। नगर पालिका के सभाकक्ष में झण्डारोहण के बाद हुई संगोष्ठी में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने कहा कि संविधान ने ही हमें देश में प्रगति करने का रास्ता सुझाया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद ज्ञानेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सभासद धर्मशील शुक्ला, तुषार, अमृतलाल, अमर सिंह, पूर्व सभासद अनिल सिंह, भाजपा नेता एवं अधिवक्ता ज्वाला सिंह, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, जेई जलकर सभाजीत, मिथिलेश सिंह, प्रशांत सिंह, आरआई लाल बहादुर ने भी गणतंत्र दिवस के महत्व पर सामयिक प्रकाश डाला।



नगर पालिका परिसर में ध्वजारोहण करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

### राम आयेंगे की धुन पर लहराया तिरंगा, थिरके नौनिहाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस समारोह में अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा का प्रभाव रहा। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में 26 जनवरी समारोह में राम आयेंगे के गाने और राष्ट्रगान की धुन पर तिरंगा फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र और छात्राओं के पैर थिरकने लगे। समारोह में बेहतर प्रस्तुति देने वाले नौनिहालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। संचालन की बागडोर टीचर दामिनी ने संभाली थी। मिष्ठान वितरण के साथ ही समारोह का समापन हुआ।

# ग्रामीणाचल क्षेत्र मे धूम धाम के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस

### ब्लाक मुख्यालय मे ब्लाक प्रमुख व बीडीओ कालाकांकर ने किया ध्वजारोहण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय संविधान की महानता, लोकतंत्र की अजेयता एव देश की एकता व अखंडता को समर्पित विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत सरकारी गैर सरकारी संस्थाओ मे 75 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूम धाम के साथ ध्वजा रोहण किया गया और प्रभात फेरी निकाली गयी जिसमे ब्लाक मुख्यालय परिसर मे खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज ने तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजा रोहण किया और अपने समस्त स्टॅाफ के साथ मिलकर राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया उसके बाद एक दूसरे का मुह मीठा किया जिसमे सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला व ग्राम पंचायत सचिव आफताब अहमद, आर पी यादव, अनुराग यादव, ज्योति यादव, शशिकांत सिंह, प्रभांशु पांडे, उर्मिला यादव, रवि शंकर सोनकर, ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य, सुशील कुमार जायसवाल, अभिषेक शुक्ला, योगेश कुमार पाल, पन्नालाल,सुधीर सिंह, श्रीराम सत्यनारायन, शिव प्रकाश संदीप, मंदीप, मन्नालाल, श्रीनाथ प्रजापति (बड़े बाबू) सहित समस्त स्टॅाफ मौजूद रहे।

इसी क्रम मे प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर व सोनामऊ मे ग्राम प्रधान पति सुरेश यादव ने ध्वजारोहण किया जिसमे प्रधानाध्यापक वकील अहमद व डा सुरेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। ग्राम पंचायत परियावा ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार मौर्य ने अपने ग्रामवासियो के साथ तिरंगे झंडे को हाथो में लेकर पेट्रोल पम्प तुलसी का पुरवा से पाइकगंज बाजार दुगार्माता मंदिर तक डीजे के साथ प्रभात फेरी निकाली भारतीय स्टेट बैंक परियावा मे बैंक कर्मी के साथ आर के त्रिपाठी व जिला सहकारी बैंक मे ध्वजा रोहण किया गया,शत्रुघन प्रसाद स्मारक जूनियर हाई स्कूल पूरे धनऊ परियावा मे प्रधानाध्यापक सुखई राम पटेल व कुंवर बहादुर सिंह ने ध्वजा रोहण किया, वीरेंद्र सिंह स्मारक इंटर कालेज जनवामऊ मे प्रबंधक योगेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार विश्वकर्मा ने ध्वजा रोहण किया, हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर मे प्रधानाचार्य कैप्टन शमशाद अहमद व मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर मे प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव के साथ राजभवन कालाकांकर के मैनेजर डा घनश्याम यादव ने ध्वजा रोहंण किया। इसी प्रकार ब्लाक कालाकांकर के अंतर्गत प्राथमिक व जूनियर बेसिक विद्यालय परियावा, केरावडीह, पनिगो, मधवापुर, हिनाहु, कालाकांकर, आलापुर, सूबेदार का पुरवा परसई, मिश्रपुर सैदासीपुर, पंचायत भवन परियावा, अस्थान बाजिदपुर, बरमौली, अंधरीपुर,लवाना मद्दुपुर, रेवली, कदई रामपुर गडौली, आदि विद्यालयों में प्रधानाध्यापको व ग्राम प्रधानों ने ध्वजा रोहण किया और उपस्थित लोगो को मिठाईया खिलाई, बी आर सी केंद्र रामनगर कालाकांकर मे प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने अपने स्टॅाफ के साथ ध्वजा रोहंण किया। जे एम जी पब्लिक स्कूल कालाकांकर मे प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा व चेयरमैन वी एन शुक्ला ने अपने स्टॅाफ के साथ ध्वजा रोहण किया।



बीडीओ कालाकांकर के साथ ध्वजारोहण करते समस्त स्टाफ।

# आवासीय पट्टे निरस्त करने की एसडीएम ने भेजी जांच रिपोर्ट

### सीआरओ से ग्रामीणों ने की थी अनियमिता की शिकायत, जांच में मिली सत्यता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुख्य राजस्व अधिकारी के निर्देश पर एसडीएम द्वारा आवासीय पट्टे के आवंटन मे हुई अनियमिता की शिकायत की जॉच की गई। जॉच में मामला सही पाया गया। एसडीएम पट्टे को निरस्त करने की रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेज दी है।

स्थानीय तहसील के भदारी कला गॉव मे अगस्त 2023 को भूमि प्रबंधक समिति ने 34 व्यक्तियों को आवासीय भूमि पट्टे के लिए प्रस्ताव पारित किया था,जिसमें 27 लोगो को अंतिम रूप से आवासीय पट्टे का आवंटन स्वीकृत हुआ था। गांव के सहदेव सरोज आदि ने आवासीय भूमि आवंटन पट्टे में हुई अनियमिता की शिकायत मुख्य राजस्व अधिकारी से की।मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआरओ ने एसडीएम को जांच सौप दी।

उपजिलाधिकारी ने गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता व भूमि प्रबंधक समिति के समक्ष जांच की। आवासीय भूमि आवंटन में समिति की अनियमिता सामने आई। जांच अधिकारी ने आवंटित 27 पट्टे को निरस्त करने की संस्तुति व जांच रिपोर्ट सीआरओ को भी भेज दी। पट्टे के निरस्तीकरण की खबर को लेकर पट्टा धारकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में एसडीएम लालधर यादव ने बताया की जांच में शिकायत सही मिली। पट्टे को निरस्त करने व जांच रिपोर्ट सीआरओ को भेज दी गई है।

### एसडीएम को लेखपाल ने किया गुमराह,फिर भी कार्रवाई से दूरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भूमि प्रबंधक समिति का एक हिस्सा लेखपाल भी होता है। उसकी मौजूदगी में पट्टे का आवंटन अनियमिता पूर्वक होना एक जांच का विषय है। लेखपाल की रिपोर्ट पर ही अन्य अधिकारी अपनी मुहर लगाते है। इस दशा में उच्चाधिकारियों को गुमराह कर पट्टे के आवंटन पर मुहर लगवाने वाला लेखापाल क्या दोषी नहीं है? यदि दोषी है तो कार्रवाई से क्यों बनी है दूरी?

# शिकायतकताओं की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से गुणवत्तायुक्त करेंः डीएम

## डीएम एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस पर लालगंज थाना में सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना लालगंज में पहुॅचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 08 राजस्व विभाग एवं 01 पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी।

प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने लेखपालों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान जो शिकायतों प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज, तहसीलदार लालगंज, सीओ लालगंज व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



थाना दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

### नगरपालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रतापगढ़ द्वारा अपने संगठन का विस्तार करते हुए रामपुर बिंधन कुंडा प्रतापगढ़ में व्यापार मंडल के संगठन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे।

साथ ही जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री श्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोबिंद, जिला महामंत्री डॉक्टर रमेश चंद्र अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत के द्वारा हुए रामपुर बिंधन बाजार मनोनीत किए गए। अध्यक्ष आनंद मिश्रा को तथा अन्य नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद और गोनीयता की शपथ दिलाई गई जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष के रूप में आनंद मिश्रा, महामंत्री मृत्युंजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष विपुल मिश्रा आदि को उनके पद और गोपनीयता की शपथ जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा और महामंत्री अशोक कुमार सिंह द्वारा दिलाई गई। शनिवार को राजापुर बिन्धन व्यापार मंडल आनंद मिश्रा को अध्यक्ष और सभी पदाधिकारी को माला पहना कर उन्हे बधाई भी दी। इस अवसर पर जिला कमेटी की तरफ से सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनजीत सिंह गोबिंद, जिला महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी को स्वागत करते हुए सभी जिला पदाधिकारिओं को माला पहना कर स्वागत और अभिनंदन करते हुए आभार प्रकट किया।



व्यापारी को प्रमाण पत्र देते हरिप्रताप सिंह।

### कुंए में गिरकर अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे राज रांकी गांव में अधेड़ ने कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक मनोरोगी था और उसका कानपुर के एक अस्तपाल से इलाज चल रहा था। गांव के रामदुलारे यादव का पुत्र अजय 53 गुरूवार की रात खाना खाकर सो गया। अचानक देर रात अजय उठा और घर से कुछ दूर पर स्थित कुएं में छलांग लगा दी। शुक्रवार की सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश दिवस का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के तुलसीसदन (हादीहाल) में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले ह्यह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2024 के कार्यक्रम का 26 जनवरी 2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य रूप से समापन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों क्रमशः राजकीय बालिका इण्टर कालेज, अब्दुल कलाम इण्टर कालेज, एमडीपीजी कालेज, सुरमई महाविद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह, प्राथमिक विद्यालय बलीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिलबिला के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक एवं रंगारंग भावपूर्ण प्रस्तुति की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने पांच उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सिलेण्डर व चूल्हा एवं 15 अन्त्योदय कार्ड धारकों को अन्त्योदय कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और राष्ट्र के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित एवं ईमानदारी से रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन उपजिलाधिकारी जितेन्द्र पाल ने किया।

### लाभार्थियों को सिलेण्डर व चूल्हा तथा राशन कार्ड का किया गया वितरण

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह, धर्मेन्द्र ओझा, मोहम्मद फरहीन, उमर जमील, सुशील सिंह, आराधना सरोज, रामकुमार सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, आजाद अहमद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

संपादक की कलम से

## हमारा स्वतंत्रता संग्राम और लियो टालस्टाय

टालस्टाय ने गांधीजी को अपना अंतिम पत्र लिखते हुए कहा 'मनुष्य जाति के सारे अन्याय और मुसीबतें इसलिए पैदा हुई हैं कि प्रेम के नियम को लोगों ने ठुकरा दिया और उसके स्थान पर हिंसा का नियम ले आए हैं।' इस तरह हम देखते हैं कि टालस्टाय के द्वारा भारतीयों को लिखे इन पत्रों की सामयिकता आज भी बनी हुई है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में रूस के महान लेखक लियो टालस्टाय का भारतीय समाजसेवियों, पत्रकारों और लेखकों से विस्तृत पत्राचार का सम्बंध रहा है। टालस्टाय भारत से आने वाले पत्रों को गंभीरता से लेते थे और प्रायः हर पत्र का उत्तर भी देते थे। उन्हें पत्र लिखने वालों में मद्रास के प्रसिद्ध नेता और पत्रकार ए. रामशेषन थे जो लोकप्रिय सामाजिक-राजनैतिक समाचार पत्र 'दि आर्यन' प्रकाशित करते थे। उन्होंने एक पत्र में टालस्टाय को लिखा - 'हमारा देश एक मँहगी सरकार के अमले के कारण दिन-ब-दिन दरिद्र होता जा रहा है। विदेशी पूंजीपति यहां की सम्पत्ति बाहर ले जा रहे हैं। परिणाम यह है कि निरन्तर अकाल पड़ते जाते हैं।'

टालस्टाय ने रामशेषन के इस पत्र में रूचि दिखाई और 25 जुलाई 1901 को एक लम्बा उत्तर दिया। उन्होंने लिखा- 'कोई भी समाज या जनसमूह जो हिंसा पर आधारित हो, न केवल आदिम अवस्था में है, पर बड़ी खतरनाक अवस्था में भी है।' इस पत्र में टालस्टाय ने भारत के ऐतिहासिक विकास की चर्चा करते हुए भारतीयों को सुझाव दिया कि 'इसी तरह चलता रहेगा, जब तक तुम्हारे लोग सिपाही बनकर काम करते रहेंगे। तुम्हें अंग्रेजों के हिंसक शासन में सहायता नहीं देनी चाहिए और हिंसा पर आधारित सरकार में किसी प्रकार से भाग नहीं लेना चाहिए।'

टालस्टाय के साथ जिन अन्य भारतीय लेखकों ने पत्र-व्यवहार किया उनमें दार्शनिक बाबा प्रेमानंद भारती प्रमुख थे। वे विवेकानन्द के शिष्य थे और 1902 में अमेरिका चले गए थे। वे लास ऐंजेल्स से 'द लाईट आफ एशिया' नामक पत्र निकालते थे।

मद्रास के प्रसिद्ध वकील और पत्रकार डॉ. गोपाल चेट्टी ने भी टालस्टाय के साथ वर्षों पत्र व्यवहार किया था। उनसे पत्र व्यवहार करने वालों में प्रोफेसर रामदेव, लेखक अब्दुल्ला अल-मामू सुहारावर्दी, आरएम दासशर्मा, दार्शनिक एसआर चित्ताल, कलकत्ता की पत्रिका की संपादक मिनी राबिन्सन और मद्रास के सामाजिक कार्यकर्ता वैद्यनाथ आदि प्रमुख थे।

टालस्टाय के रूसी जारशाही के मूल्यों के खिलाफ 'मैं चुप नहीं रह सकता' के प्रकाशन के बाद उन्हें आने वाले पत्रों का तांता लग गया। जून 1908 में तारकनाथ मेहता ने एक पत्र और अपनी पत्रिका 'फ्री हिन्दुस्तान' के अंक टालस्टाय को भेजे थे। इसका उल्लेख टालस्टाय ने अपनी डायरी में किया है। टालस्टाय ने तारकनाथ मेहता को भारत में उपनिवेशवाद के परिणामों को लेकर और सामग्री भेजने का भी लिखा था।

तारकनाथ ने टालस्टाय को अपने पत्र में बताया कि 'यदि कोई भारतीय अंग्रेजों से न्याय की भिक्षा मांगता है तो उसे एकदम राजद्रोही कह दिया जाता है और उसे जेल में डाल देते हैं या उसे देश निकाला दे दिया जाता है। तिलक जैसे व्यक्ति पर, जो राष्ट्रीय-आन्दोलन के नेता थे, विद्रोह उकसाने का इलजाम लगाया गया और छह बरस के लिए उन्हें निर्वासित कर दिया गया।' उन्होंने यह भी लिखा कि 'भारत गोरों के लिए स्वर्ग है पर भारतीयों के लिए नरक। हमारे लिए एक ही मार्ग बचा है कि हम आप जैसे लोगों का ध्यान आकृष्ट करें, जो सारी दुनिया के सामने अंग्रेजों का पदार्फाश कर सकें और इस तरह से उन पर अपना प्रभाव डाल सकें।'

टालस्टाय ने 14 दिसम्बर 1908 को तारकनाथ को 'ए लेटर टू ए हिन्दू' नामक पत्र लिखा। यह पत्र शीघ्र ही अनुवादित होकर 'स्वतंत्रता संग्राम' का प्रेरणा-स्त्रोत बन गया। वे इस पत्र में कहते हैं कि 'गुलामी भारत में विचित्र जान पड़ती है, चूंकि यहां बीस करोड़ लोग हैं जिनकी आध्यात्मिक और शारीरिक शक्ति बहुत ऊंची है, फिर भी वे ऐसे मुीभर लोगों की आधीनता मानते हैं, जो उनसे धार्मिक नैतिकता में कहीं अधिक नीचे हैं।' रोम्या रोलॉ ने लिखा है कि टालस्टाय के 'ए लेटर टू ए हिन्दू' ने सारी दुनिया में उपनिवेशवादी गुलामी को जबरदस्त टक्कर दी। भारत और अन्य देशों की उपनिवेशवादी सरकारों ने 'ए लेटर टू ए हिन्दू' को जब्त किया और इसे सीधे विद्रोह भड़काने वाले अन्य साहित्य के समकक्ष माना। यह पत्र दुनिया की क्रान्तिकारी पत्र-पत्रिकाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया था।

गांधी जी जब इंग्लैंड में वकालत पढ़ रहे थे उस समय 1889 में 'फ्रांसीसी क्रान्ति' की शताब्दी के अवसर पर फ्रांस के 'ऐफिल टावर' पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को टालस्टाय संबोधित करने वाले थे। उन्हें सुनने के लिए गांधीजी भी लन्दन से पेरिस पहुंचे थे। टालस्टाय ने आधुनिक सभ्यता को हिंसक, बनावटी, मुनाफाखोर और मानवता के लिए घातक करार दिया। गांधीजी इस भाषण को सुन टालस्टाय से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर टालस्टाय के साहित्य का गंभीर अध्ययन किया। महात्मा गांधी का टालस्टाय के साथ पत्र-व्यवहार किन परिस्थितियों में शुरू हुआ था इसका उल्लेख गांधीजी ने अपनी आत्मकथात्मक पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह' में किया है। गांधीजी टालस्टाय की 'स्वर्ग का राज्य तुम्हारे भीतर है' पुस्तक एवं 'पुनर्जागरण' उपन्यास से काफी प्रभावित थे।

## गणतंत्र दिवस में नवीन संकल्पों के साथ उत्तरदायित्वों को निर्वहन करने की शपथ लेनी होगी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरव साली दिवस है। आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी। तब जाकर गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया था। और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1945 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।

क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि "राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है"।

# नीतिश की चालों से इंडिया गठबंधन को झटका

अब लगभग यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं के द्वारा हल्के में लेने की स्थितियां उनके लिये कितनी भारी हो सकती है। दूसरा भारत की राजनीति में भाजपा अगर कुछ करने की ठान लेती है तो वह उसे पूरा करती ही है। बिहार में सत्ता का समीकरण बदलना इसी बात का द्योतक है। बिहार में जारी सियासी उथलपुथल के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जाएगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की रणनीति का यह एक बड़ा दांव सफल होता हुआ दिख रहा है। वैसे भाजपा एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार के बीच भीतर-ही-भीतर यह कीचड़ी विगत कुछ समय से पक रही थी। इसका पहला ठोस संकेत जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर उनके द्वारा पहले भाजपा सरकार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये धन्यवाद से सामने आया। दूसरा बड़ा संकेत कपूरी ठाकुर की सौवीं जयंती के मौके पर आ?ेजित समारोह में नीतीश कुमार ने तंज कस कर कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, इस रूप में सामने आया। इसे सीधे तौर पर लालू प्रसाद यादव पर हमला माना गया, जिनकी पार्टी के साथ




वह बिहार में सरकार चला रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद से राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गई है। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। वहीं महगठबंधन के सहयोगी दल भी सकते में आ गये हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने की कवायद करने वाले नीतीश कुमार ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने ही पिछले साल जून में पटना में विपक्षी दलों की महाजुटान की थी। उनकी पहल पर ही विपक्ष के तमाम दल मतभेदों के बावजूद एक प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हुए ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारा जा सके। लेकिन जब चुनाव एकदम सिर पर आ गया तो नीतीश कुमार ही पाला बदलने जा रहे। तिनका-तिनका जोड़कर विपक्षी एकजुटता का ताना-बाना तैयार करने वाले जेडीयू चीफ ऐन वक्त पर खुद ही गठबंधन से दूर होने जा रहे हैं। ये विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा आघात है।

लोकसभा चुनाव में अब दो-ढाई महीने का समय ही शेष हैं। भाजपा हर हालात में नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार सत्ता के सिंहासन पर बैठाना चाहती है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर से पैदा हुई हिंदुत्व लहर पर सवार भाजपा जाति को साधने में भी पीछे नहीं है। कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। दलितों को लुभाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने का प्लान भी तैयार हो चुका है। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर उसके सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया की नजर हर हाल में मोदी के विजय रथ को रोकने पर है। लेकिन लगभग टूट एवं बिखर चुके इंडिया किस तरह मोदी रथ को रोक पायेंगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हांफने लगा है। नीतीश कुमार का पाला पाला बदलना वैसे ही है जैसे युद्ध शुरू होने से ऐन पहले सारथी ही पाला बदल ले। गठबंधन के नीतीश ही नहीं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, जिससे गठबंधन की गाड़ी आगे सरकती नजर नहीं आ रही है। गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान ही नहीं, ग्रहण लग गया है। बिहार की उठापटक एवं बदलते राजनीतिक समीकरणों का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा से मिलकर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो इनमें से अधिकाधिक लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की संभावना अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। बिहार में नीतिश की इसी भूमिका के कारण ही इंडिया गठबंधन में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन कर-के ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का यह पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था। ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रक्रिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।

राजनीति में जब नीति गायब होने लगती है तो बेमेल गठबंधनों के बनते एवं बिखरते के दृश्य देखने को मिलते हैं और, इस बुराई के लिए कमोबेश सभी राजनीतिक दल समान रूप से जिम्मेदार हैं। देखा जाए तो सबकी नजर में 2024 का लोकसभा चुनाव है जहां 40 सीटों वाले बिहार की भूमिका को अहम मानते हुए अभी सारे दांव-पेंच वहीं चल रहे हैं। बिहार में नया सियासी समीकरण कितना बदलाव लाएगा, यह भविष्य ही बताएगा। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। वैसे भी अब नीतिश की छवि अवसरवादी नेता की हो गयी है। दरअसल यह अवसरवादिता और मौकापरस्ती की हद है जिसका राजनीति में प्रतिकार होना चाहिए। वास्तव में बिहार का ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इस राज्य में जातिवादी और परिवारवादी राजनीति ने इस प्रदेश की जनता के मौलिक अधिकारों से उनको वंचित किये हुए हैं और इस प्रांत के लोगों को भारत का सबसे गरीब आदमी बनाया हुआ है। जबकि बिहारियों का भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान कम नहीं हैं, सबसे अधिक मेहनती एवं बुद्धिजीवी लोग यही से आते हैं। लेकिन दूषित राजनीति की कालिमाएं यहां के धवलित इतिहास को धुंधलाती रही है। यहां की राजनीति की सत्तालोलुपता एवं भ्रष्टता लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करती रही है। जबकि प्रामाणिकता एवं सिद्धान्तवादिता राजनीतिक क्षेत्र में सिर का तिलक है और अप्रामाणिकता एवं अवसरवादिता मृत्यु का पर्याय होती है। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। नीतीश बाबू ने जिस महागठबन्धन को बनाया, बनने के साथ ही उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी थी। अब तो खुद सारथि ही अपना पाला बदल रहा है।

आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे हैं। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर इंडिया गठबंधन की छतरी के नीचे आये जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे एवं अन्य मुद्दों पर अब बिखर चुके हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षक व आवश्यकता बता रहे थे, तो कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे थे, लेकिन सबके सपनों पर ग्रहण लग गया। विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे भले ही हो, लेकिन भाजपा ने चुनाव से पहले ही उनको उनकी जमीन दिखा दी है। भाजपा पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ आगे बढ़ रही है, जिन राज्यों में उसके लिये चुनौतियां अधिक प्रखर है, उन्हीं राज्यों में वह समग्रता एवं एकाग्रता से अपनी रणनीतियों को अंजाम दे रही है, बिहार भी उन्हीं में एक था। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हर चुनौती के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं चुनौतियों को संभावनाओं में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## आओ जल संग्रहण प्रबंधन और उपयोग दक्षता पर स्वतः संज्ञान लेकर जन-भागीदारी बढ़ाएं

**गोंदिया-** वैश्विक स्तर पर कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय मंचों और दुनियां के अलग-अलग देश में अलग अलग मंचों से जल ही जीवन है सहित अनेको स्लोगन देकर विश्व के हर नागरिक को पीने के पानी और उसके स्त्रोतों की स्थिरता में विशेष सहयोग की अपील की जाती है।हर देश के नागरिकों को स्वतः संज्ञान लेकर अपने आप एक्शन होकर यह जनजागरण फैलाना चाहिए कि आओ जल संग्रहण प्रबंधन और उपयोग दक्षता पर ध्यान देकर उसमें सहयोग देने जन भागीदारी बढ़ाएं।भारत में अभी हाल ही में देश की जल सुरक्षा को मजबूत करने वाटर विजन @ 2047 द अहेड विषय पर अखिल भारतीय सचिव ऑन का सम्मेलन चेन्नई में किया गया,जहां 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 सचिवों और उनके अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिए और 5, 6 जनवरी 2023 को भोपाल में आयोजित हुआ था।देश की जल सुरक्षा को मजबूत करने के प्रमुख उद्देश्य के साथ 'वॉटर विजन@ 2047- वे अहैड विषय पर अखिल भारतीय सचिवों का दो दिवसीय सम्मेलन' कल महाबलीपुरम, चेन्नई में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों, 30 सचिवों और 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 5 और 6 जनवरी 2023 को भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित जल पर राज्य मंत्रियों के प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन की 22 सिफारिशों पर अपनी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और कार्यों को साझा किया।उक्त 22 सिफारिशों में पीने के पानी और उसके स्त्रोत की स्थिरता को प्राथमिकता देना, जलवायु लचीलेपन की व?यवस?था करना, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों का प्रबंधन, बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर जल भंडारण को बढ़ाना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, जल उपयोग की दक्षता बढ़ाना, हर स्तर पर जल संरक्षण कार्यक्रमों को तेज करना, नदियों को आपस में जोड़ने को प्रोत्साहित करना, नदी के स्वास्थ्य की निगरानी करना और पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, उचित बाढ़ प्रबंधन



उपाय करना और इन सभी कार्यों में लोगों की बढ़ी हुई भागीदारी शामिल करना शामिल है। यह सम्मेलन कार्रवाई में तेजी लाने के लिए इन सिफारिशों पर अमल करता है। हमारा करता है इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पीने के पानी और उसके स्त्रोतों की स्थिति में जन भागीदारी होना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम पृथ्वी पर जीवन जीने के लिए जल केमहत्व की करें तो, जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है।हमें यह नहींभूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवो के जीने का आधार है जल। धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1 प्रतिशत पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है।नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं।

साथियों बात अगर हम चेन्नई में आयोजित वाटर विजन एट द रेट ऑफ 2047 वे अहेड की करें तो, इस सम्मेलन को जल प्रबंधन के क्षेत्र में पाँच विषयगत सत्रों में विभाजित किया गया थासम्मेलन के पहले दिन में दो विषयगत सत्र यानी जलवायु लचीलापन और नदी स्वास्थ्य और जल प्रशासन शामिल थे। इसके अलावा मंत्रिस्तरीय सत्र भी हुआ, जिसकी अध्यक्षता भारत सरकार के माननीय जल शक्ति मंत्री ने की। माननीय मंत्री ने समुदायों और पर्यावरण की भलाई के लिए पानी के स्थायी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग और नवाचार की सख्त जरूरतों पर जोर दिया।

उन्होंने देश में जल सुरक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्र-राज्य साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम सम्मेलन के दूसरे दिन जल उपयोग दक्षता, जल भंडारण और प्रबंधन और लोगों की भागीदारी/जनभागीदारी' पर तीन विषयगत सत्रों को शामि ल किया गया।सम्मेलन की संक्षिप्त रिपोर्ट और महत्वपूर्ण बातें सुश्री अर्चना वर्मा, एएस एवं एमडी, राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा प्रस्तुत की गईं।अपनी प्रस्तुति में, उन्होंने विषयगत सत्रों से प्राप्त निष्कर्षों के बारे में विस्तार से बताया जो इस प्रकार हैं:जलवायु लचीलापन और नदी स्वास्थ्य जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार बाढ़ और सूखा जैसी भयंकर घटनाएं होंगी;जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता - भंडारण, नदियों को आपस में जोड़ना, तलछट प्रबंधन गैर-संरचनात्मक उपाय जैसे बाढ़ मैदान जोनिंग, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली आदि संरचनात्मक उपायों के समान ही महत्वपूर्ण हैं;नदी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रवाह, पानी की गुणवत्ता बनाए रखी जाएगी;लघु मध्यम और दीर्घकालिक मौसम की भविष्यवाणी और जल संसाधनों पर इसके प्रभाव के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग।जल अधिकारप्रत्येक राज्य के लिए जल संसाधन नियामक प्राधिकरण गठित करना आवश्यक;राष्ट्रीय जल नीति की तर्ज पर बनाई जाएगी राज्य जल नीति;देश के प्रत्येक नदी बेसिन के लिए नदी बेसिन योजना का विकास;एनडब्ल्यूआईसी के साथ जोड़कर राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र की स्थापना;राज्यों द्वारा तर्कसंगत जल टैरिफ तंत्र विकसित किया जाएगा;उपचारित अपशिष्ट जल के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए राज्यों द्वारा अपनाई जाने वाली रूपरेखा।जल उपयोग दक्षतामौजूदा परियोजनाओं का कुशल उपयोग उतना ही महत्वपूर्ण है जितना नई परियोजनाओं का विकास;सूक्ष्म सिंचाई का उपयोग करने और आईपीसी-आईपीयू अंतर को कम करने के लिए किए जाने वाले प्रयास;राज्य जल लेखांकन और बेंचमार्किंग पहल में अपनी रुचि दिखा सकते हैं;विभिन्न पहलों के माध्यम से छोटी-बड़ी सिंचाई के बीच अभिसरण;पाइप सिंचाई नेटवर्क के साथ-साथ आधुनिकीकरण पर जोर दिया जाएगा;महत्वपूर्ण फसल पैटर्न परिवर्तन अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन;भारत सरकार सीएडीडब?ल?यूएम योजना सुधारों पर काम में तेजी ला सकती है।जल संग्रहण एवं प्रबंधबड़ी और छोटी भंडारण परियोजनाओं के माध्यम से भंडारण में वृद्धि;नियमित ड्रेजिंग और अन्य ओ एंड एम उपाय कुशलतापूर्वक किए जाने चाहिए।

## डॉक्टर की तरह फैमिली फार्मर बनाना होगा

**- बाबा मायाराम**

बीजोत्सव ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर लोगों का ध्यान खींचा है। इससे एक तरफ बिना रासायनिक खेती से परंपरागत बीजों, मिट्टी-पानी का संरक्षण-संवर्धन हो रहा है व - जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, तो दूसरी तरफ किसान और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध बन रहा है, जिससे खेती में बिचौलियों की भूमिका कम हो रही है और किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है।

कुछ समय पहले महाराष्ट्र के नागपुर में देसी अनाजों के बीजोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कई किसान उनके जैविक उत्पाद को बिक्री के लिए आए हुए थे। जैविक खेती पर चर्चा व संगोष्ठियां हुईं। इसमें कई राज्यों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

मुझे इस कार्यक्रम के आयोजकों में से एक बसंत फुटाणे ने आमंत्रित किया था। इस मौके पर जैव विविधता प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें जैविक उत्पादों के अलावा, खादी और सूती कपास के कपड़े और देसी बीजों की कई प्रजातियां प्रदर्शित की गई थीं।

गर्मी के कारण अम्बाड़ी के शरबत को काफी पसंद किया गया था। इसके साथ ही जैविक उत्पाद से बने स्वादिष्ट व्यंजन व भोजन आकर्षण के केन्द्र रहे। जिसमें महुआ के गुलगुले, खीर, सूरन के पकोड़े, गुड़ की जलेबी, और देसी चावल व आम की कढ़ी और ज्वार की रोटी इत्यादि शामिल थे।

बीजोत्सव के बारे में किसान अनंत भोयर बताते हैं कि इसकी शुरूआत वर्ष 2013 से हुई थी। उन्होंने बताया कि बीजोत्सव की शुरूआत किसानों की खुदकुशी की खबरों से चिंतित होकर की गई थी। यवतमाल जिले में कपास की खेती होती है, जहां से किसानों की खुदकुशी की खबरें लगातार आ रही थीं। वहां जैव तकनीक से तैयार बीटी कॉटन होता है। अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे।

वे आगे बताते हैं कि इस सबके मद्देनजर जैविक खेती से जुड़े किसानों व कार्यकताओं को लग रहा था कि हमें मिलकर कुछ करना चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह सोच बनी कि रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। तभी से बीजोत्सव के आयोजन का सिलसिला चल रहा है।

बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर जोर दिया जाता है। इसके साथ ही, देसी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली जैविक खेती को बढ़ावा देते हैं। खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच रखते हैं,जिससे मिट्टी को गोबर खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। किसानों की समस्याएं समझने की कोशिश करते हैं, इस पर गोष्ठियां व संवाद करने के प्रयास करते हैं। नए छोटे किसानों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ते हैं। संकर बीजों और जैव तकनीक से तैयार (जेनिटिकली मोडीफाइड) के नुकसान के बारे में बात करते हैं।

बीजोत्सव के आयोजन से जुड़े बसंत फुटाणे कहते हैं कि जिस तरह हर परिवार का एक फैमिली डॉक्टर होता है, उसी तरह हर परिवार का एक फैमिली फार्मर होना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं व किसानों का संबंध बने और उपभोक्ता भी सुरक्षित अनाज के बारे में जागरूक हों। अगर उपभोक्ता व किसान में मानवीय रिश्ता बनेगा तो किसान को उत्पाद का उचित दाम मिलेगा और उपभोक्ता भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज पाएगा।

वर्धा जिले के बावापुर गांव के दीपक बरडे ने बताया कि वे ज्वार गनेरी, दुधी कोडा, पीली ज्वार, तुअर ( सफेद, लाल), अलसी, मूंग, बंसी गेहूं, बैंगन, डांगरबारूक, दोडका (फल्ली), खडसेंग, करेला, बरबटी, चावरी, पालक, धनिया, हदगा, काकड़ी इत्यादि की खेती करते हैं।

दीपक बरड़े बतलाते हैं कि उनका गांव बहुत छोटा है। 85 घरों के गांव में करीब 300 आबादी है। पहले वहां संकर बीजों की खेती होती थी। जिससे कैंसर, बीपी और शुगर के मरीज ज्यादा होने लगे थे। इसके बाद वर्ष 1970 से उन्होंने उनके पिताजी के साथ परंपरागत खेती करना शुरू किया था। परंपरागत बीजों के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है।

# गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया पुरस्कृत

## 75वां गणतंत्र दिवस जिले में धूमधाम से मना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 75वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि/सूबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री-अनुसूचित जाति जनजाति विभाग संजीव कुमार गौड ने परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रीय गान बाद मुख्य अतिथि व पुलिस अधीक्षक ने परेड निरीक्षण व परेड हर्ष फायर बाद मार्च पास्ट किया। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल जवानों व अधिकारी-कर्मचारी तथा मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। सीओ लाइन राजकमल ने परेड की पहली कमांड की। सेकेण्ड कमांड निरीक्षक लाखन सिंह व थर्ड कमांड दरोगा एपी राजेन्द्र सिंह रहे।

75वें गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को मुख्य अतिथि/राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज के दिन 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था। संविधान से देश की कानून व्यवस्था चल रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समर्पण-बलिदान के नतीजतन भारत लोकतांत्रिक गणराज्य के बतौर खडा है। न्याय-स्वतंत्रता-भाईचारे का प्रतीक है। अतीत की चुनौतियों से मार्गदर्शन करता है। याद रखें कि गणतंत्र दिवस परेड समारोह ही नहीं, बल्कि महान देश के नागरिक के रुप में कर्तव्यों के बारे में सोंचने का दिन है। मुख्य अतिथि ने परेड के सभी कमांडरों से परिचय लिया। बेहतरीन परेड की सराहना की। मुख्य अतिथि ने दरोगा गंगाधर दुबे पेशकार सीओ सिटी, दरोगा टीपी राजेन्द्र कुमार को सराहनीय सेवा सम्मान, दीवान जितेन्द्र कुमार कुशवाहा सर्विलांस सेल को शौर्य को सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोगों को मदद पहुंचाने/कानून व्यवस्था में सहयोग करने वाले डायल यूपी 112 प्रभारी निरीक्षक शिवमूरत यादव, दोपहिया वाहन प्रभारी दरोगा मंगलेश्वर तिवारी समेत सात पुलिस कर्मियों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सराहनीय कार्य को सोशल मीडिया सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, चुनाव सेल/आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव, स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक महावीर प्रसाद त्रिपाठी समेत 24 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



परेड का मान-प्रणाम लेते राज्यमंत्री व एसपी।

मुख्य अतिथि ने परेड में शामिल टोली नम्बर दो सिपाही नागरिक पुलिस को मार्च पास्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रथम, टोली नम्बर एक नागरिक पुलिस को द्वितीय, टोली नम्बर पांच महिला सिपाही को तृतीय स्थान देकर कमांडर को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मौजूद जवानों का उत्साहवर्धन करने को सभी अधिकारी, पत्रकारबन्धु, विद्यालय प्रबंधन, पुलिस परिवार सदस्यों व परेड ग्राउंड की साज-सज्जा में सीओ लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि पुलिस कर्मियों की सराहना की।

समारोह में डीएम अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, एडीएम वन्दिता श्रीवास्तव, एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सभी एसडीएम, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ जयकरन सिंह आदि ने परेड का उत्साहवर्धन किया। संचालन इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने किया।

इसी क्रम में सभी विभागों व राजनैतिक दलों के कार्यालयों समेत जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता आदि ने अपने कार्यालयों में झंडारोहण किया। सभी को मिठाइयां बांटकर संविधान दिवस की खुशियां मनाईं।

## सर्दी-कोहरे में मना गणतंत्र दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर में गांव के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में बच्चों ने हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया। बच्चों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम अपरान्ह दो बजे तक किये। सभी बच्चों व मौजूद ग्रामीणों को मिठाई बांटकर समापन किया। गणतंत्र दिवस की विशेषता रही कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कर्वी-चित्रकूट से बलवीर सिंह व अन्य सहयोगियों ने विद्यालय आकर गणतंत्र दिवस को विशेष बनाया। विद्यालय मे मौजूद दो सौ बच्चों को कॉपी, आल इन वन किताब, पेन, पेंसिल, रबड, पटरी शैक्षिक सामग्री बांटी गई। बच्चे खुशी से झूम उठे। इस मौके पर उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय मौजूद रहे।

## जिले में अभियंता रहे हेमंत की राममंदिर पुस्तक में चित्रकूट का जिक्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण नामक पुस्तक में चित्रकूट के पांच स्थानों पर जिक्र है। ये पुस्तक 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा बाद प्रकाशित होने वाली पहली पुस्तक है। इसे बिजनौर जिले के इं हेमंत कुमार ने लिखा है। हेमंत सन 2000 से 2016 तक चित्रकूट धाम कर्वी के सिंचाई विभाग में अभियंता रहे। भवन तकनीक के प्रचार-प्रसार को इं हेमंत ने भवन तकनीक जन जागरण अभियान शुरू किया था। अनेक सुंदर व उस समय की आधुनिक भवनों को डिजाइन किया। इं हेमंत की लिखी पुस्तक विविध भवनों के परिचय-नक्शे को प्रदेश सरकार के हिंदी संस्थान ने प्रदेश स्तर पर तकनीकी लेखन में प्रथम आने पर प्रतिष्ठित



इं हेमन्त कुमार।

संपूर्णानंद नामित पुरस्कार 2019 व पचहत्तर हजार की धनराशि इनाम दी थी। अमृत महोत्सव बाबत पांच पुस्तकें लिखकर रिकार्ड बनाया। पुस्तक ग्राम फीना के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व संघर्ष गाथा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में भी स्थान मिल चुका है। तकनीकी लेखन समेत इं हेमंत हरियाली विस्तार व शोध नवाचार अविष्कार में बड़ा काम कर चुके हैं। इं हेमंत कुमार के पांच अविष्कारों को भारत सरकार से पेटेंट मिल चुका है। जल अभियांत्रिकी में उत्कृष्ट शोध कार्यों को सिंचाई विभाग एवं जल शक्ति मंत्री ने प्रदेश स्तरीय एएन खोसला पदक दिया था।

इं हेमंत ने बताया कि इस पुस्तक पर वे तीन साल से कम कर रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रकाशित होने वाली ये पहली पुस्तक है। लोगों तक निःशुल्क पहुंचाने को ई-संस्करण तैयार किया है। इसे ईमेल हेमंत1777एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर अनुरोध भेजकर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। 22 जनवरी को ये पुस्तक निःशुल्क लिंक को सेवार्थ बांटने को उप्र व उप्र के बाहर 12 स्थानों पर पुस्तक परिचय लिंक वितरण गोष्ठियां की गईं थी। जिले के समाजसेवी राजेश सोनी, चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के कमलेश कुमार, सिंचाई अभियंता इं गुरुप्रसाद ने गोष्ठियों का संयोजन कराया था।

## 18 क्वार्टर देशी पांच लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में दो लोगों के कब्जे से पुलिस ने 18 क्वार्टर देशी व पांच लीटर महुआ शराब बरामद की। शनिवार को चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने सिपाही चन्द्रभूषण राय, रोहित सिंह के साथ बबलू कोल पुत्र स्व मूलचन्द्र कोल निवासी रमपुरिया के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने सिपाही जितेन्द्र मौर्या, शुभम त्रिपाठी के साथ अरुण सोनकर पुत्र सोनी सोनकर निवासी तुलसी स्मारक के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत ममाला दर्ज किया।

## नौजवान काम सीखें, पैसा कमायें: राज्यमंत्री

### मंत्री ने जेल में बांटे कम्बल व हनुमान चालीसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के कारागार व होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार का निरीक्षण बन्दियों को गर्म इनर व कम्बल बांटे। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का इंतजार था कि वे कमाकर घर चलाएंगे, जब वे घर का सहारा बनने के योग्य हुये, तब किन्हीं कारणों से जेल आ गए। मां-बाप की सेवा करने के समय घर-परिवार को आगे ले जाने के समय यहां हैं। परिवार का भरण-पोषण कैसे होता होगा, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। एक गलती से परिवार भुगत रहा है। बेटी मजबूरी में शादी होकर ऐसे घर जाएगीं, जहां उसकी इच्छा नही होगी। एक गलती पत्नी, भाई, बहन, बेटी, मां बाप का बुढ़ापा बर्बाद कर देती है।



बन्दियों को कम्बल व इनर बांटते कारागार राज्यमंत्री।

कारागार मंत्री ने कैदियों से कहा कि मां-बाप से पूंछना कि वह किस तरह से व्यवस्था कर मिलने आते हैं, कितने धक्के खाते हैं। ठंड में बस स्टैंड आदि जगह में ठंड भरी रात गुजारते है। संकल्प करें कि आगे से कोई ऐसी गलती नही करेंगे, ताकि जेल आना पड़े। जब जेल में होते हैं तो कोई रिश्तेदार, पड़ोसी घर नही जाता है।


मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि कुख्यात अपराधी भी बन्द है, उनके बहकावे में न आयें। पेशेवर अपराधियों की बातों में नही आना। गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा आदि की चर्चा करते रहेंगे। मंत्रों का उच्चारण करते रहेंगे तो गलत काम नही करेंगे। जो जिस धर्म का है, उस मंत्र का उच्चारण करें। हमारा आना तभी सफल होगा। कारागार मंत्री ने जिन कैदियों से कोई मिलने नहीं आता, उन्हें 150 कंबल, सौ गर्म इनर बांटे। सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा की किताबें भी बांटी। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडे, जेल अधीक्षक शशांक पांडे, जेलर संतोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह, बृजकिशोरी आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन की अदूरदर्शिता से पाठा बन रहा कालाहांडी

### जंगल की जमीन को किया जा रहा समतल, ये जमीन कर्वी के सेठ ने औने-पौने में ली है

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रशासन की अदूरदर्शिता से पाठा क्षेत्र कालाहांडी बनने जा रहा है। जहां कई दशकों से खेती नहीं होती थी, वहां दूर-दूर तक जंगल हैं- अब जंगल को काटकर समतल मैदान किया जा रहा है। ये जमीन कभी पट्टे पर प्रशासन ने आदिवासी कोल समुदाय के लोगों को दी थी, अब इस जमीन को कर्वी के एक धन्नासेठ ने आदिवासी कोलों से पहले इटवां गांव के एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति के नाम लिया, फिर ये जमीन इटवां गांव के व्यक्ति से अपने नाम लिया।



जंगल की जमीन पर बन रही चहारदीवारी व जंगल का नजारा।

ये मामला है मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव का। बताया गया कि चाइना के माओ के आदेश पर चुन-चुनकर गौरइया चिडिया 1958 में मारी गई थी। उन्हें मारने का अंजाम ये हुआ कि वहां ढाई करोड चीनियों को अपनी जान गवांकर भुगतना पडा। इसी तरह से उडीसा प्रान्त के कालाहांडी जिले में भी बडे पैमाने पर वृक्षों की कटान व अवैध खनन से इस कदर जलवायु परिवर्तन हुआ कि वहां भी दुर्भिक्ष के दिन आ गये। वहां भी तमाम लोगों को जान गवांकर जलवायु परिवर्तन के अंजाम भुगतने पडे। अब यही आलम पाठा के नाम से विख्यात मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव में होने जा रहे हैं।

टिकरिया गांव में क्षेत्र के लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने हाईवे किनारे तकरीबन एक किमी से ज्यादा आदिवासी कोलों की भूमि को इटवां गांव के एक अनुसूचित जाति के नाम पहले कराया था। फिर ये जमीन कर्वी की रुपा अग्रवाल पत्नी विवेक अग्रवाल पुरानी बाजार कर्वी आदि के नाम खरीदी गई। इस भूमि में हजारों जंगली पेड-पौधे व जडी-बूटियों का जंगल है।

अब ये जंगल कटने की कगार पर है। वहां एक किमी तक चहारदीवारी का निर्माण कार्य जारी है। जंगलों की कटान कराकर समतल-वीरान बनाने का खेल चल रहा है। इससे आगामी कालखंड में सूखा व अतिवृष्टि के आसार बन रहे हैं। प्रशासन की अदूरदर्शिता से इस जमीन की नापजोख एक माह के अन्दर कर दी गई है। प्रशासन ने ये भी नहीं देखने की जरूरत समझी कि इस जमीन पर कभी खेती होती थी या नहीं। ये जमीन किस दशा में है, इस जमीन पर आदिवासी कोलों के नाम पट्टे तो जरूर हुए थे, लेकिन कभी उन्होंने खेती करने की जरूरत नहीं समझी। ये जमीन जंगल के बतौर ही रही है। अब वहां बडी-बडी जेसीबी मशीनें चल रही हैं। जंगल को वीरान बनाया जा रहा है। इससे अब पाठा क्षेत्र में भी कालाहांडी बनने के आसार बढ गये हैं। समय रहते जंगल को न बचाया गया तो इसके अंजाम क्षेत्र समेत जिले के लोगों को भी भुगतने होंगे।

## पुनः स्थापित हुई अम्बेडकर मूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के पराको गांव के मजरा सोतीपुरवा प्रवेश द्वार पर गेट के ऊपर लगी संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। अम्बेडकरवादी लोग आक्रोश जताते हुए एकत्र हुए तो मूर्ति को यथावत लगाने से आक्रोश शान्त हुआ।

गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने से खफा अम्बेडकरवादी लोग एकत्र हुए। नगर पंचायत की देखरेख के अभाव में अराजक तत्वों ने अपमानित ढंग से मूर्ति निकालकर गायब कर दिया था। अम्बेडकरवादियों को भनक लगी तो सैकड़ों लोगों का जनसैलाब उमडने लगा। प्रशासन व नगर पंचायत की तीन घंटे आनाकानी बाद अम्बेडकरवादियों की चेतावनी पर मूर्ति को यथावत किया। बडा आन्दोलन की चेतावनी पर नगर पंचायत का घमंड चूर हुआ। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति ससम्मान पुनः स्थापित की गई। इस मौके पर बसपा कोऑर्डिनेटर कौशलेंद्र कुमार एड, बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, राजेश रैकवार, श्यामलाल रैकवार, मोहित भाई पटेल, मोनू सोनकर, अमर सोनकर समेत सैकड़ों लोगों ने अम्बेडकर मूर्ति का विरोध जताया था।

## कांग्रेसियों ने ली संविधान रक्षा की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस की पीपीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने गणतंत्र दिवस पर पाण्डेय के आवास में ध्वजारोहण कर मनाया। गोष्ठी में संविधान की रक्षा की शपथ ली। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रमादत मिश्रा, गज्जू प्रसाद फौजी, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, सेवा दल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, जिला सचिव यमुना शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल तिवारी, सविता पाल, महेंद्र सिंह, जगजाहिर पटेल, मिंटू तिवारी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## मैनपावर बढा जल्द करायें थाने का निमार्ण: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सरधुवा में निमार्णाधीन थाने का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था लोनिवि निर्माण खंड बांदा को निर्देश दिये कि नाले पर रिटर्निंग दीवार बन रही है, उसे अच्छे ढंग से बनायें।

शनिवार को डीएम-एसपी ने चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये कि नाले की भूमि को रिजर्व रखें। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि भवन निर्माण में मैनपावर बढ़ाकर समय से पूरा करें। निमार्णाधीन थाने के पास आवासीय भवन को भूमि का निरीक्षण किया। चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये कि भूमि का मौके पर चिन्हांकन करायें। डीएम ने एसडीएम राजापुर को निर्देश दिये कि थाना को जो रोड जा रही है, मोड पर रोड किनारे नाली प्रधान से बनवायें। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार फूलचंद यादव, अधिशासी अभियंता लोनिवि सुभेन्दु सिंह, चकबंदी अधिकारी राजकुमार सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह, थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह समेत लेखपाल, कानूनगो मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सीतापुर में सीतापुर थाना, महिला थाना, पर्यटन थाना व न्यायिक गेस्ट हाउस की भूमि का निरीक्षण किया। इस मौके पर तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव, चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह आदि मौजूद रहे।



निमार्णाधीन थाने को देखते डीएम-एसपी।

## पीडिता ने लगाई डॉक्टरी परीक्षण की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के रसिन गांव के मजरा ब्यूर की पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि थाने में दर्ज 3/2024 धारा 354, 323 पर उसके बयान दर्ज होने के बाद भी विवेचक पीडिता का डॉक्टरी परीक्षण न कराकर राजी होने का दबाव बना रहा है। शनिवार को पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि दो जनवरी को शाम साढे छह बजे वह शौच को खेत में गई थी। अरविन्द कोरी पुत्र प्यारेलाल निवासी ब्यूर ने जबरियां दुष्कर्म किया था। लोक-लज्जा के चलते थाने में छेडखानी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडिता के बयान में पीडिता ने दुष्कर्म की बात कही थी। विवेचक ने डॉक्टरी परीक्षण नहीं कराया और न आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे आरोपी का मनोबल बढा है। वह 17 जनवरी को आठ बजे घर के बाहर लगे हैण्डपम्प में पानी भरने गई थी। वहां गांव के जागेश्वर पुत्र बाबूलाल कोरी ने पानी भरी बाल्टी हैण्डपम्प से बाहर फेंक दिया। बुरी नीयत से हाथ पकडकर घसीटने लगा। गाली-गलौज कर कहा कि उसके भाई अरविन्द कोरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है तुम्हे निर्वस्त्र कर गांव में घुमायेंगे। जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तीन दिन में राजी हो जाओ अन्यथा जान से मार देंगे। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि आरोपी राजी होने का दबाव बना रहे हैं। उसके पति पर भी जानलेवा हमला कर सकते हैं। पीडिता ने मामले में धारायें बढाने व डॉक्टरी परीक्षण कराने की एसपी से गुहार लगाई है।

## मप्र में पटेल प्रतिमा तोडे जाने पर जताया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान चित्रकूट जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति जिलाध्यक्ष नत्थूराम सिंह पटेल की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्बोधित ज्ञापन एडीएम वंदिता श्रीवास्तव को सौंपा। संस्थान के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया कि अखण्ड भारत के निमार्ता भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर उज्जैन मप्र में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की है। निन्दा करते हुए कहा कि सरकार उन पर कार्यवाही करे।

शनिवार को पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि चैराहे पर प्रतिमा स्थापित करायें। ऐसे उपद्रवियों को तत्काल गिरफ्तार करें। महापुरुषों का अपमान पटेल सेवा संस्थान बर्दास्त नही करेगा। कार्यवाही न होने पर सड़कों पर आंदोलन को बाध्य होगा। जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह पटेल, डॉ विकाश सिंह पटेल, रामदास पटेल, कमलेश सिंह पटेल, निरंजन पटेल, धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## फरियादियों को मिले संतुष्टि पूर्ण समाधान: डीएम

### एएसपी ने तत्काल निस्तारित किये मामले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने थाना सरधुवा में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को थाना दिवस में आई समस्याओं का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निस्तारण रजिस्टर देखा। सम्पूर्ण समाधान दिवस व अन्य जन सुनवाई दौरान समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से कराया जाये। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के साथ लाभार्थी को संतुष्टि मिले। शासन स्तर से समस्या निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से पूंछा भी जाये। इसे ध्यान में रखते हुए निस्तारण किया जाये। उन्होंने एसडीएम राजापुर व तहसीलदार को निर्देश दिए कि भूमि संबंधी विवाद में दोनों पक्षों को थाना दिवस व समाधान दिवस में बुलायें। संयुक्त टीम बनाकर मौके पर निस्तारित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन व अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार फूलचंद यादव, चकबंदी अधिकारी राजकुमार सिंह वैश, सहायक चकबंदी अधिकारी महेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



समस्या सुनते डीएम-एसपी।

इसी क्रम में रैपुरा थाना समाधान दिवस में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्यायें सुनकर तीन मामलों में दो का तत्काल निस्तारण किया। दो मामलों में तत्काल मामला दर्जकर कार्यवाही के निर्देश दिये। एएसपी ने थाना रैपुरा पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कडी कार्यवाही के निर्देश दिये।

## गुमशुदा बालकों को पाकर परिजनों के चेहरे खिले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की टीम ने दो घंटे में गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 26 जनवरी को श्रीमती सीमा पत्नी लक्ष्मण व श्रीमती रीता पत्नी सुखराज निवासी सकरौंहा ने शाम पांच बजे सूचना दी कि उनके पुत्र अमर (10) व संजय (6) घर से कहीं चले गये हैं, मिल नहीं रहे। प्रभारी निरीक्षक ने अपनी टीम के साथ बालकों को खोजने निकली। शाम सात बजे दोनों बालकों को बरामद कर थाने लाकर माताओं के सुपुर्द किया। बालकों के मिलने से माताओं के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह, सिपाही संजय सिंह यादव, रामकेश कुशवाहा शामिल रहे।

## वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा द्रगपाल सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी सुरेश कोल पुत्र रामा कोल निवासी जारोमाफी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा द्रगपाल सिंह, सिपाही शिवलाल शामिल रहे।

